

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें yashbharat.co.in

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 80- ● जबलपुर ● शनिवार, 22 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 2/3 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935



भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं


## जबलपुर में आज का मौसम

शनिवार सुबह का तापमान

23 डिसे -1

दोपहर 12 बजे तक

28 डिसे

पश्चिमी विक्षोभ को असर, बादल छाए शाम तक आंधी बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### सर्वत्र ईद का जश्न, गले मिलकर दे रहे मुबारकबाद

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में शुक्रवार शाम ईद-उल-फितर के चांद के दीदार हो गए और आज देशभर में धूमधाम से ईद मनाई जा रही है. शुक्रवार को ही इस बाबत सभी उलेमाओं ने ऐलान कर दिया था।



**राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी बधाई**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-फितर पर लोगों को बधाई दी और सभी से इस अवसर पर समाज में भाईचारे तथा सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आग्रह किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईद-उल-फितर पर शुक्रवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को मुबारकबाद दी. यहां प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार मोदी ने इस मौके पर दुनियाभर में लोगों के लिए शांति, सौहार्द, सेहत और प्रसन्नता की कामना की. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रमजान के पाक महीने में दुनियाभर के मुसलमान रोजे रखते हैं और नमाज अदा करते हैं और ईद उल फितर के इस खास मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ दुनियाभर के लोग एकता और भाइचारे के मूल्यों को साकार कर रहे हैं।

### किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी कार, तीन की मौत, दो घायल

■ राजगढ़, यशभारत।

पचोर के समीप शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आकर टकरा गई।



इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, व दो लोग घायल हो गए। कार में सवार यह सभी लोग श्योपुर से उज्जैन के लिए जा रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के शनिवार तड़के पचोर के नजदीक एक कार व ट्रक की टक्कर हो गई। कार ब्यावरा की और से उज्जैन ली और जा रही थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में ड्रायवर सुनील यादव, अमित शर्मा व दीपक शर्मा निवासी श्योपुर की मौत हो गई। जबकि राम मिलन व राजपाल गुर्जर, निवासी श्योपुर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव भी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाए गए हैं।

### उज्जैन में रेलवे स्टेशन के पास होटल में देर रात लगी आग

■ उज्जैन, एजेंसी।

उज्जैन रेलवे स्टेशन के पास होटल चंद्रगुप्त में देर रात करीब 2 बजे आग लग गई। इससे वहां मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया, इसके बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। होटल में 30 से ज्यादा यात्री ठहरे हुए थे। इसमें से ज्यादातर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग सहित उज्जैन दर्शन के लिए आए थे। आग होटल की पांचवीं मंजिल पर लगी थी, सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और सभी को समय रहते बाहर निकाल लिया।आग लगने के बाद होटल से निकाले गए 30 से अधिक यात्रियों के दूसरे होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है। कुछ यात्रियों का कहना है कि होटल में बार-बार लाइट जा रही थी, इसी वजह से शार्ट सर्किट हुआ होगा जिससे आग लग गई।

# 28 लाख की इनामी दो महिला नक्सली ढेर

## बालाघाट में एनकाउंटर







■ बालाघाट, यशभारत।

मध्य प्रदेश के बालाघाट में पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कदला के जंगल में शनिवार तड़के करीब तीन बजे हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। देर तक चली फायरिंग में हॉक फोर्स के जवानों ने दो हार्ड कोर महिला नक्सलियों को मार गिराया। जिला पुलिस ने पुष्टि करते हुए बताया कि महिला नक्सली सुनीता और सरिता की इस मुठभेड़ में मौत हो गई। सुनीता एसीएम भोरम देव एरिया कमांडर, टाडा दलम में थी। वह अभी विस्तार दलम में काम कर रही थी। वहीं, सरिता खटिया मोचा एसीएम, कबीर के साथ गार्ड के रूप में काम करती थी। वह भी वर्तमान में विस्तार दलम में आ गई थी। पुलिस जानकारी के अनुसार, इस मुठभेड़ और भी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। हॉक फोर्स के जवानों ने जंगल में सघन तलाश शुरू कर दी है।

घटना स्थल पर ढ्ढत्रक्कबालाघाट संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ और हॉक फोर्स के आला अधिकारी मौजूद हैं। बताया गया कि दोनों महिला नक्सली पर 14-14 लाख का इनाम घोषित था। इस तरफ हॉक फोर्स ने 28 लाख के दो इनामी महिला नक्सलियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने बताया कि मृत नक्सलियों के पास से बंदूकें, कारतूस, बढ़ी मात्रा में नक्सली असलाह और खाने-पीने की सामग्री बरामद हुई है। घटना के बाद बालाघाट पुलिस ने जंगल में तलाशी अभियान छेड़ दिया है। मृत नक्सली सरिता जो कि वर्तमान में विस्तार दलम का हिस्सा थी।

### पुंछ अटैक के बाद आर्मी का खोजो और मारो मिशन

## हमला करने वाले 7 आतंकियों की तलाश, ड्रोन हेलिकॉप्टर भी शामिल

■ पुंछ, एजेंसी।

कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के ट्रक पर हमला करने वाले आतंकियों की तलाश की जा रही है। इसके लिए स्पेशल टीम को लगाया गया है। इसमें हेलिकॉप्टर, ड्रोन और स्निफर डॉग की भी मदद ली जा रही है। यह खोजो और मारो अभियान है। यानी नजर आते ही आतंकियों को खत्म करने का आदेश है।आतंकी हमले की जांच के लिए नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की एक टीम को पुंछ भेजा गया है। साथ ही 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है। इससे पहले बम डिस्पोजल स्क्वॉड और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप टीम ने शुक्रवार सुबह पूरे इलाके की जांच की। आतंकी हमले में आर्मी ट्रक में आग लग गई थी। आशंका थी कि ग्रेनेड हमले की वजह से ऐसा हुआ। हालांकि, आग लगने की सटीक वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। DGP दिलबाग सिंह, DGP मुकेश सिंह और पुलिस और सेना के टॉप ऑफिशियल्स ने सर्च ऑपरेशन को रिव्यू किया। घने जंगलों वाले तोता गली से भट्टा डूरियन जंगल के बीच के पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

### दहेज हत्या से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## शादी के 7 साल के भीतर ससुराल में हर अस्वाभाविक मौत दहेज हत्या नहीं

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

सुप्रीम कोर्ट ने दहेज हत्या से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि मौत का कारण पता नहीं हो तो शादी के 7 साल के भीतर ससुराल में सभी अस्वाभाविक मौत को दहेज हत्या नहीं माना जा सकता है। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने इस मामले में आरोपी को बरी कर दिया। व्यक्ति को हाईकोर्ट ने सेक्शन 304बी (दहेज हत्या) और सेक्शन 498ए (क्रूरता) के मामले में दोषी ठहराते हुए 7 साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में महिला की मौत शादी के दो साल के भीतर हो गई थी। मामले में ट्रायल कोर्ट ने व्यक्ति को दोषी मानते हुए 10 साल की सजा सुनाई थी। सजा के बाद व्यक्ति ने फैसले को उत्तराखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने भी व्यक्ति को दोषी माना। हालांकि, हाई कोर्ट ने व्यक्ति की सजा को घटा कर 7 साल कर दिया था। इससे पहले महिला के पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने



कार्रवाई शुरू की थी। हाई कोर्ट के फैसले के बाद व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के दौरान ही सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कहीं।

#### बयान से नहीं होता है साबित

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि यह साबित हो चुका है कि मृतका के साथ मौत से पहले क्रूरता और उत्पीड़न हुआ है। मामले में आरोपी को राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला के पिता के बयान के अनुसार शादी के शुरुआती महीनों में दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की गई थी। हालांकि, बयान से ऐसा कुछ साबित नहीं होता है कि मौत से तुरंत पहले इस तरह की कोई मांग की गई हो।


यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


## अब मां सोनिया गांधी के साथ सरकारी आवास में रहेंगे राहुल गांधी



■ नई दिल्ली, ईएमएस।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को अपना सरकारी बंगला (12, तुगलक लेन) खाली कर देंगे। मोदी सरनेम मानहानि केस में दोषी पाए जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता चली गई थी और इसके बाद सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस जारी हुआ था। राहुल को बंगला खाली करने के लिए 22 अप्रैल तक का समय दिया गया था, जिसकी आज आखिरी तारीख है। अब राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के साथ उनके सरकारी आवास में रहेंगे। इससे पहले 14 अप्रैल को ही राहुल गांधी अपनी कुछ निजी चीजें और अपना ऑफिस सोनिया गांधी के बंगले में शिफ्ट कर लिया था। राहुल गांधी करीब 2 दशक से इस बंगले में रह रहे थे। अभी राहुल गांधी अपनी मां और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ उनके 10, जनपथ स्थित आवास पर रह रहे हैं। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि राहुल गांधी अपने ऑफिस के लिए नई जगह की तलाश कर रहे हैं। कुछ साल पहले प्रियंका वाड्रा से भी उनका सरकारी बंगला खाली करवा लिया गया था। प्रियंका गांधी की एसपीजी सुरक्षा कवर हटाए जाने के बाद लोधी एस्टेट बंगला खाली करने के लिए कहा गया था। बहरहाल, सूरत की कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद राहुल गांधी अब गुजरात हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। यदि सजा से राहत मिलती है तो उनकी सांसदी बहाल हो जाएगी। हालांकि इस पूरे मुद्दे पर कांग्रेस की रणनीति स्पष्ट नहीं है।

### अब दो मई से होगी माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2023 परीक्षा की नई तारीख घोषित कर दी गई है। इसके अनुसार 25 अप्रैल से शुरू होने वाली आनलाइन परीक्षा अब दो मई से आयोजित की जाएगी। इस संबंध में मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 26 अप्रैल तक ग्रुप-2 (सब ग्रुप-4) सहित पटवारी भर्ती परीक्षा चल रही है। ऐसे में शिक्षक पात्रता परीक्षा के उम्मीदवार परेशान थे कि उनकी परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होने वाली थी और प्रवेश पत्र भी जारी नहीं किए गए। जानकारी के अनुसार उम्मीदवारों को माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2023 की तिथि बढ़ने से अब काफी हद तक राहत मिली है।

## 4 साल की बच्ची से रेप के अभियुक्त को सजा-ए-मौत

### कोर्ट की टिप्पणी- आरोपी को तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उसकी मौत न हो जाए

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

खंडवा में 4 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के प्रयास के मामले में स्पेशल कोर्ट ने आरोपी को शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई। कोर्ट ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा कि आरोपी को तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उसकी मौत न हो जाए। विशेष न्यायाधीश प्राची पटेल ने टिप्पणी में कहा कि पीड़ित बच्ची की अदम्य इच्छा शक्ति व जीजीविषा के कारण ही वह जीवित रही, वर्ना आरोपी ने पीड़िता की हत्या करने में कोई कमी नहीं छोड़ी थी। इसलिए सिर्फ आजीवन कारावास या दंडादेश पर्याप्त नहीं हो सकता है। मृत्युदंड ही जरूरी है। मासूम के साथ हुए रेप के इस केस में 6 महीने के भीतर अनुसंधान पूरा कर



कार्य दिवस के 4 महीने 23 दिन में कोर्ट में 36 गवाहों के बयान कराना किसी चुनौती से कम नहीं था। आरोपी को कठोर सजा मिले, इसके लिए इन्वेस्टिगेशन कर रहे सब इंस्पेक्टर सुभाष नावड़े ने कई रातें थाने पर ही गुजारीं। जांच के दौरान कई बार वे घर ही नहीं गए। इधर, कोर्ट में आरोपी का कबूलनामा और फॉरेंसिक जांच में डीएनए रिपोर्ट भी फांसी की सजा का आधार बनी।डीपीओ हुक्मलवार ने बताया कि टिठिया जोशी इलाके के एक खेत में मजदूर परिवार रहता था। इनके घर के पास ही एक ढाबा है, वहां आरोपी राजकुमार भी काम करता था। 30-31 अक्टूबर 2022 की दरमियानी रात मजदूर परिवार की चार वर्षीय बेटी झोपड़ी में सो रही थी। आरोपी राजकुमार वहां पहुंचा और उसने बच्ची का मुंह दबाकर अपहरण कर लिया। फिर घर से करीब 100 मीटर दूर ले जाकर गन्ने के खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर गला दबाकर उसे मारना चाहा। जब बच्ची बेहोश हो गई तो मृत समझ आम के बगीचे के पास झाड़ियों में उसे फेंक दिया। अगले दिन सुबह परिवार जागा तो बच्ची गायब थी। पुलिस उसे तलाशती रही। परिजन को राजकुमार पर शक था।




# बेलखेड़ा में जुआ के विवाद पर युवक की गोली मारकर हत्या

## गांव में तनाव, पुलिस ने दो को अभिरक्षा में लिया

**जबलपुर, यशभारत।** बेलखेड़ा के पिपरिया कटीला में गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। जुआफड़ से उपजा विवाद गांव तक पहुंचा जहां दो प क्षों में जमकर मारपीट हुई। साथ ही एक दूसरे पर कट्टे से फायर हुए। जहां एक पक्ष की गोलीबारी से जुआ खिलाने वाला युवक दस्सू घायल हो गया। जिसकी मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी सुकदेव धुर्वे ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दस्सू उर्फ यशवंत पिता पदम सिंग 29 वर्ष थाना पाटन के हरदुआ का रहने वाला था। जो पेशे से जुआ खेलता और खिलाता था। जुआफड़ की मुखबिरी के शक में कुछ समय पहले दस्सू का संतोष और अन्य लोगों से झगड़ा हुआ था।



### दस्सू ने किया था फायर

पुलिस ने बताया कि मुखबिरी के शक में अक्सर दस्सू का आरोपियों से झगड़ा होता रहता था। जिसके चलते पिपरिया कटीला में अपनी ओमनी कार से दस्सू आ रहा था, तभी संतोष से बीच रोड जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद दस्सू ने कट्टे से संतोष के ऊपर फायर किया। गोली संतोष के हाथ में धंस गयी थी, इस दौरान संतोष अपनी जान बचाकर भागा।

### जमकर चली गोलियां, लाठी

पुलिस ने बताया कि संतोष के ऊपर हुए प्राणघातक हमले के बाद संतोष ने यह बात अपने साथियों राजेन्द्र, सुरेन्द्र गोलू और पुस्सू लोधी निवासी भीटा पिपरिया को बताई। जिसके बाद दोनों ही पक्षों में जमकर कट्टे से फायरिंग हुई। इसी दौरान आरोपियों ने लाठी, ठंडे से पीटकर दस्सू को मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को अभिरक्षा में ले लिया है। मामले की जांच जारी है।

# 30 दिन बाद भी डाककर्मी की मौत की गुत्थी नहीं सुलझा पाई बरेला पुलिस

### घटना स्थल पर मिली दर्जनों पासबुक

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला थाना अंतर्गत महगांव बांध के पास 19 मार्च 2023 को एक डाककर्मी का शव बरामद किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। इस दौरान पुलिस को घटना स्थल पर दर्जनों की तादात में पास बुक मिली। लेकिन एक महिने बीत जाने के बाद भी बरेला पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है, परिजनों का आरोप है कि डाककर्मी की हत्या की गई है और बाद में शव को बांध के पास फेंक दिया गया। जानकारी अनुसार टिकरा निवासी रघुनाथ पटैल 45 पेशे से डाककर्मी था। जिसका शव महगांव बांध के पास मिला तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। लेकिन पुलिस ने मामला मर्ग में लेकर जांच को ठंडे बस्त में डाल दिया। कुछ दिन पहले ही घटना स्थल पर पुलिस को दर्जनों पासबुक मिली है, लेकिन उसके बाद भी पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में कामयाब नहीं हो सकी। वहीं, परिजनों का आरोप है कि रंजिशन हत्या की गई है।

# ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने की आत्महत्या

## आरोपी सास, ननद और देवर को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया




**जबलपुर, यशभारत।** सिहोरा थाना अंतर्गत एक नवविवाहिता ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने जब जांच की तो पाया कि पीड़िता शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष से प्रताड़ित थी। सुसराल पक्ष आए दिन मारपीट करते थे। जिससे तंग आकर उसने मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी सास, ननद और देवर पर मामला दर्ज कर, अभिरक्षा में ले लिया है। जानकारी अनुसार एसडीओपी सिहोरा श्रीमति भावना मरावी ने बताया कि थाना सिहोरा में 7 अप्रैल 23 की शासकीय अस्पताल सिहोरा में एक महिला की मृत्यु होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को महेन्द्र चक्रवर्ती 21 वर्ष निवासी खितौला ने बताया था कि उसके बड़े भाई संदीप की शादी पनागर की पूजा चक्रवर्ती से हुयी थी संदीप के तीन बच्चे है। जब उन्होंने देखा तो आंगन में भाभी पूजा बेहोश पड़ी थीं उनके नाक से खून निकल रहा था। अस्पताल सिहोरा में डॉक्टर ने चैक कर पीड़िता उम्र 30 वर्ष निवासी सकरी मोहल्ला खितौला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान मायके पक्ष के कथन लिये गये जिस पर पाया गया कि मृतिका की शादी 2016 में सामाजिक रीति रिवाज से हुयी थी शादी के बाद से ससुराल में सास, ननद, देवर सभी मिलकर घरेलू बातों को लेकर ताना मारते हुये शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# खमरिया में प्रेम प्रसंग के चलते युवक फांसी के फंदे पर झूला

## परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया थाना अंतर्गत महगवां में एक युवक फांसी के फंदे पर झूल गया। जब परिजनों ने लाडले को फंदे पर झूलते हुए देखा तो उनकी चीखे निकल गयीं। बताया जा रहा है कि पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे



मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि शिवम कुशवाहा पिता जागेश्वर कुशवाहा 22 साल पेशे से मजदूरी करता था। जिसने घर में फांसी लगा ली। जब परिजनों ने देखा तो तत्काल युवक को फंदे से उतारकर मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया। जहां उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि युवक काफी दिनों से प्रेम प्रसंग के चलते तनाव में था। जिसके बाद ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

# पैर फिसलकर नदी में डूबे युवक की मौत

## नर्मदा तट पर भंडारे की खुशी मातम में हुईं तब्दील

**जबलपुर, यशभारत।** बेलखेड़ा थानांतर्गत छरूअआ घाट नर्मदा नदी के पास परिवार की खुशी से भंडारा करने आए लोधी परिवार के घर उस वक्त मातम टूट पड़ा जब उनका 20 साल का बेटा पानी में पैर फिसल जाने की वजह से डूबकर मर गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से 20 वर्षीय राजा उर्फ शंकर सिंह लोधी के शव को पानी से बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण की जांच शुरू की। बेलखेड़ा पुलिस ने बताया कि यशवंत सिंह लोधी उम्र 52 वर्ष निवासी कुसली बेलखेड़ा घर



परिवार की खुशी से भंडारा कराने छरूअआ घाट नर्मदा नदी नहाने आया था। उसी समय उसका नाती राजा उर्फ शंकर सिंह लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी कुसली गांव के छत्रपाल लोधी, शुभम लोधी के साथ नहा रहा था। नहाते समय पैर फिसल जाने से नर्मदा नदी के छरूउआ घाट में नाती राज उर्फ शंकर डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# जबलपुर नगर निगम आयुक्त की अनूठी पहल

# कबाड़ मेट्रो बस को बनाया चेजिंग रूम और रैन बसेरा

### 40 कबाड़ मेट्रों बसों से लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी सुविधाएं



**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम ने कबाड़ से जुगाड़ पर काम करना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े ने अनूठी पहल शुरू कर दी है। कबाड़ हो चुकी दो बसों को रैन बसेरा और चेजिंग रूम में तब्दील किया गया है। जबकि 40 ऐसी बसें है जो सड़कों पर चलने लायक नहीं है उन्हें भी लोगों की सुविधा के लिए उपयोग किया जाएगा। इन बसों को सजाकर रैन बसेरा बनाया जाएगा तो वहीं इनमें रेस्टारेंट और महिलाओं के चैंजिंग रूम और बाथरूम बनाने की योजना पर काम जमीन दिखने लगा है। आइएसबीटी बस स्टैंड में तीन बसों को लोककलाओं का रंग-रूप देकर सजाया गया है। इनका प्रयोग रैन बसेरा के तौर पर होगा। इन रैन बसेरों को मेडिकल, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के बाहर रखेगा। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि आइएसबीटी बस स्टैंड का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान उन्होंने कबाड़ हो चुकी बसों को नए रंग रूप में देखकर खुशी जाहिर की और कहा कि जल्द ही कबाड़ हो चुकी बसों को बड़ी संख्या में नया रूप देकर इनका उपयोग किया जाए। आइएसबीटी में लगभग 30 से 40 बस कबाड़ हो चुकी हैं और इनका उपयोग करने के लिए नगर निगम सजाकर और उपयोगी बनाकर इनका उपयोग अस्थाई रैन बसेरा से लेकर महिलाओं के लिए चैजिंग रूम के तौर पर करेगा। आयुक्त ने कहा कि कि नर्मदा नदी के घाट से लेकर पार्क और स्टेडियम में हम स्थाई निर्माण नहीं कर सकते। ऐसे में इन बसों को तैयार कर रेस्टारेंट बनाया जा सकता है। वहीं रैन बसेरा बनाकर इन्हें ऐसे जगह खड़ा किए जाए, जहां रात के वक्त लोक सड़क और फुटपाथ पर सोते हैं। वे इन बसों को देखकर वहां फुटपाथ पर सोने की बजाए इन बसों में सोएंगे।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना: 8 हजार 963 और अब तक 3.17 लाख महिलाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत जिले में अभी तक 3 लाख 17 हजार 703 महिलाओं द्वारा ऑनलाइन पंजीयन कराया जा चुका है। योजना के तहत पात्र महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लगाये जा रहे शिविरों में आज शुक्रवार को 8 हजार 963 आवेदन ऑनलाइन दर्ज किये गये। 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया, ईद और परशुराम जयंती तथा 23 अप्रैल को रविवार का अवकाश के होने के कारण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया बंद रहेगी। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस चित्रांशु त्रिपाठी के मुताबिक मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत शुक्रवार तक नगर निगम जबलपुर में 1 लाख 07 हजार 421, जनपद पंचायत शहपुरा में 29 हजार 823, जनपद पंचायत जबलपुर में 29 हजार 189, जनपद पंचायत मझौली में 28 हजार 852, जनपद पंचायत पाटन में 25 हजार 149, जनपद पंचायत सिहोरा में 24 हजार 805, जनपद पंचायत पनागर में 22 हजार 357, जनपद पंचायत कुंडम में 21हजार 845, नगर पालिका सिहोरा में 6 हजार 895, नगर पालिका पनागर में 4 हजार 410, जबलपुर केंट में 3 हजार 605, नगर परिषद कटंगी में 3 हजार 252, नगर परिषद शहपुरा में 2 हजार 459, नगर परिषद पाटन में 2 हजार 270, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 231, नगर परिषद बरेला में 2 हजार 086 तथा नगर परिषद भेड़ाघाट में 1 हजार 054 आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की गई है। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत शिविरों के माध्यम से पात्र महिलाओं के आवेदन ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया रविवार एवं सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर 30 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की जलकर दर्दनाक मौत

### कुंडम के सरोली ग्राम में हादसा

**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम थानांतर्गत ग्राम सरोली में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां स्थित खेत में बनी टपरिया में आंधी-तूफान के बाद अचानक आकाशीय बिजली गिर पड़ी। इस दौरान वहां सो रहे 50 वर्षीय किसान की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। इसके साथ ही टपरिया में रखा पूरा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। हादसे के बाद घटना स्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हुई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद लाश को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और प्रकरण जांच में लिया।

ग्राम सरोली कुंडम निवासी लक्ष्मी बाई बरकड़े ने बताया कि वह अपने पति कालू राम बरकड़े के साथ खेती-किसानी करती है। बीती रात खेत में बनी टपरिया में अचानक उस समय आकाशीय बिजली गिर गई जब वह बाहर आई थी। जिस दौरान उसके पति की मौत हो गई है।

# शक्ति टास्क फोर्स के पावर से शोहदे अंडरग्राउंड

**जबलपुर, यशभारत।** ''शक्ति टास्क फोर्स'' की टीम के द्वारा थाना खमरिया अंतर्गत गार्डन, डुमना नेचर पार्क, परियट जलाशय, थाना ओमती अंतर्गत सिविक सेंटर, भंवरताल गार्डन, थाना गढ़ा अंतर्गत देवताल गार्डन में मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही विजय नगर क्षेत्र के फुटपाथ पर डेरा जमाये लोगों से भी पूछताछ की गयी। टीम द्वारा गर्ल्स स्कूल कालेज, कोंचिंग संस्थान लगने एवं छूटने के समय तथा ऐसे गार्डन पार्क एवं कालोनी की रोडें जिसमें शाम के समय लोग ईवनिंग वॉक हेतु निकलते है को भी चिन्हित करते हुये प्रतिदिन भ्रमण किया जा रहा है, जिसकी सराहना की जा रही है। विदित हो कि एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने जबलपुर को छेड़छाड़ मुक्त करने



और बेटियों, महिलाओं को सुरक्षित करने के लिए शक्ति टास्क फोर्स का गठन किया है। जो कि सड़क पर अपना कर्तव्य निभा रही है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र.3583/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 20 / 04/ 2023

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरप्रीत सिंह मरवाहा पिता हरिन्दर सिंह मरवाहा निवासी आदर्श नगर जबलपुर के द्वारा मौजा चावनपुर नब 304 पहनं स्थित भूमि खसरा नंबर 215, 216 में से रकवा 8100 वर्गफुट भूमि पर हरिन्दर सिंह मरवाहा की मृत्यु दिनांक 24/8/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती / वसीयत नामांतरण हेतु आवदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 8/5/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 20/04/2023
पेषी दिनांक - 08/05/2023

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

# श्री राम कॉलेज में तीन दिवसीय हैकाथन का आयोजन



**जबलपुर, यशभारत।** श्री राम कॉलेज और प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई माईक्रोसॉफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम ग्रुप के इस आयोजन राष्ट्रीय तीन दिवसीय हेकाथान प्रतियोगिता स्तर की प्रतियोगिता द ग्रेट इंडिया का आयोजन 21 अप्रैल से 23 अप्रैल हेकाथान मध्यप्रदेश में पहली बार 2023 को किया गया जा रहा है इस आयोजित की जा रही है जो कि प्रतियोगिता में पूरे भारत से लगभग 50 माइक्रोसॉफ्ट एजोर कम्युनिटी, से ज्यादा टीमें भाग ले रही है रिस्किल के सहयोग से किया जा रहा है प्रतियोगिता के पहले दिन हेकापेस्ट इस आयोजन में से राष्ट्रीय स्तर के का आयोजन किया गया जिसमें एक्सपर्ट अपना योगदान दे रहे हैं इस माइक्रोसॉफ्ट से आये पांच सदस्यी दल कार्यक्रम में लगभग 700 से ज्यादा जिसमें सिद्धार्थ चौपड़ा सॉफ्टवेयर प्रतियोगियों ने रजिस्ट्रेशन कराया और इंजीनियर ओप्टस कशटज सेनी विभिन्न इंडस्ट्री प्राब्लम्स पर अपने ग्रेडुएट एनालिस्ट बीए 3 बेल्कायस, आईडिया समिट करेंगे इस कार्यक्रम सार्थक जैन हेड ऑफ कम्युनिटी का उद्देश्य छात्रों को इंडस्ट्री से सीधे रिस्केल, रूपल मित्तल सॉफ्टवेयर जोड़ना है ताकि छात्र अपना भविष्य इंजीनियर जेपी मार्गन चेस एण्ड उच्च स्तर के पैकेज वाली राष्ट्रीय और कम्पनी, दिवासम पुहन डेवलेपमेंट अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इंडस्ट्रियों में अपना इंजीनियर फुल्टास वन शामिल रहे भविष्य बनाने की ओर अग्रसर हो सके कार्यक्रम की शुरूआत में सभी कार्यक्रम के पहले दिन द ग्रेट इंडिया अतिथियों का शॉल एवं पुष्पगुच्छ दे हेकफेस्ट का आयोजन किया गया कर स्वागत किया गया तत्पश्चात् दीप जिसमें छात्रों को नवीनतम तकनीकों जैसे ड्राप्स मशीन लर्निंग, आर्टिफ शियल इंटेलीजेंसी, एज्योर, मोबाईल एप डेवलपमेंट से अवगत कराया गया तत्पश्चात विषय विशेषज्ञों द्वारा इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर उसमें आने वाली समस्याओं और नई तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम में अगले दो दिन सभी टीमें अपने आईडिया को इंपलीमेंट करेंगे टीमों के सॉल्युशन को जांचने के लिये बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के को फाउंडर, सीईओ एवं टैक्नालॉजी एक्सपर्ट उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन राहुल पाठक ने किया इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमेन श्री आर करसौलिया, डॉ. एल. के. पटेल, डॉ. योगेश मोहन दुबे, डॉ. अविनाश गौर, निधी मिश्रा, रिया नैयर, प्रो. प्रतीक गुप्ता, प्रो. ब्रिजेश पटेल एवं प्रो. परिक्षित वाजपई के साथ में बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। वि.वि.






## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO 54 20/04/2023 | डॉ जार्ज डिसिल्वा वार्ड अंतर्गत आर्य समाज मंदिर के पास संजीवनी क्लीनिक निर्माण कार्य। | 04 माह रू.24.72 | 5000 18454 | 10.05.2023 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन के प्रकाशन ऑनलाईन की बेवसाइट www.mptenders.gov.in में पर ही किये जायेगे, पृथक समाचार पत्र प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री संभाग क्रमांक-04, नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय सक्षम प्राधिकारी/आयुक्त, नगर पालिक निगम, जबलपुर

क्रमांक-अधी.यंत्री/कालोनी सेल/जनसंपर्क/2023-24/101/पीआरओ-56 दिनांक : 20.04.2023

### प्रारंभिक सार्वजनिक सूचना

नगर निगम सीमान्तर्गत मौजा गोहलपुर नं.बं. 601 प.ह.नं. पुराना 24/2 नया 29 खसरा नं. 182, 176/3, 182/2 भूमि पर विकसित की गई अवैध कालोनी के संबंध में अवैध कालोनी निर्माताओं / आम नागरिकों एवं संबंधितों को इस सूचना के माध्यम से जनहित में सूचित किया जाता है कि, प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अवैध कालोनी मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23 के अधीन अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रुपये 38/- प्रति वर्गफुट प्लाट क्षेत्रफल पर विकास दर अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त प्रश्नाधीन भूमि पर निर्मित अनाधिकृत कालोनी में नागरिक अधोसंरचना प्रदाय किये जाने के लिये तैयार योजना के अवलोकन पश्चात् सर्व संबंधितों को यदि कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना है, तो वह नगर निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय कालोनी सेल कक्ष क्रमांक-5 में इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्रश्नाधीन कालोनी के संबंध में तैयार कराई गई सर्वेक्षण रिपोर्ट (अभिन्यास) एवं उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन भी किया जा सकता है। आपत्ति प्राप्त नहीं होने की दशा में यथा प्रकाशित रूप में अंतिम मान्य किया जा सकेगा।

**अपर आयुक्त**
**हेतु सक्षम प्राधिकारी/आयुक्त**
**नगर निगम, जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (पी.आई.यू.) बालाघाट (म.प्र)

e-mail :- dpepiubalaghat@gmail.com phone no. :- 07632-358737

क्रमांक / 802 / व.ले.लि. / पी.आई.यू. / 2022–23 बालाघाट, दिनांक 20/04/2023

### –: संशोधित निविदा सूचना :–

म.प्र. राज्यपाल की ओर से पंजीकृत ट्रेवल एजेन्टस/निवेश कर्ताओ से संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) बालाघाट के अंतर्गत निम्नप्रकार के वाहन शासकीय निर्माण कार्यो के निरीक्षण हेतु मासिक दर पर लेने हेतू मुहरबंद निविदायें दिनांक 27.04.2023 को सायं 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | वाहन का प्रकार | मॉडल | वाहन जहाँ उपयोग में लिया जाना है। |
|---|---|---|---|
| 1 | बुलेरो 3 नग, एवं स्कार्पियो 01 नग (टेक्सी परमिट) (पी.ओ.एल. रहित) | 01 जनवरी/2021 के पश्चात का मॉडल | सम्पूर्ण जिला एवं आवश्यकता पड़ने पर जबलपुर/भोपाल |

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में दि. **25.04.2023** तक आवश्यक दस्तावेज के परीक्षण कराने के उपरांत **रू. 1000/– नगद** जमा कर प्राप्त की जा सकती है। डाक से निविदा प्राप्त करने हेतू रू. 200/– अतिरिक्त देय होगें। डाक द्वारा विलम्ब से निविदा प्राप्त होने की जवाबदारी विभाग की नहीं होगी।

निविदायें दिनांक **28.04.2023** को 3:30 बजे इच्छुक निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा संबधी विस्तृत विवरण व शर्ते किसी भी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

G-11785/23

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**लो.नि.वि. (पी.आई.यू.)**
**बालाघाट (म.प्र.)**

## प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय पर

# रीवा-इंदौर वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ पर लगा विराम

भोपाल, यशभारत।

**भारत में निर्मित वंदे भारत ट्रेन की सभी ट्रेनों का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ही किया जा रहा है। इसी महीने 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के रीवा आ रहे हैं। ऐसे में संभावना जताई जा रही थी कि रीवा से इंदौर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के दौरे के अधिकृत कार्यक्रमों की घोषणा होने के बाद वंदे भारत ट्रेन के संचालन पर फिलहाल विराम लग गया है।**



हालांकि प्रधानमंत्री रीवा से ही इंदौर को एक बड़ी सौगात देकर जाएंगे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 तारीख को रीवा से ही वर्चुअल रूप से इंदौर रेलवे स्टेशन के नवनर्माण की आधारशिला रखेंगे। इंदौर रेलवे स्टेशन का निर्माण 1000 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें इंदौर का शास्त्री ब्रिज भी नया बनाने का प्रस्ताव है। हालांकि अभी इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। रेलवे बोर्ड द्वारा प्रस्ताव को अनुमति देने के बाद टेंडर प्रक्रिया अगले माह से शुरू हो जाएगी। इंदौर से जबलपुर और इंदौर से रीवा के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने के कयासों पर भी फिलहाल विराम लग चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को देखते हुए कयास लगाए जा रहे थे कि 24 तारीख को मध्य प्रदेश को दूसरी वंदे भारत ट्रेन मिल सकती है। इसके लिए रतलाम मंडल और जबलपुर रेल मंडल में हलचल भी रही, लेकिन अब प्रधानमंत्री के अधिकृत कार्यक्रमों की घोषणा होने के बाद वंदे भारत ट्रेन के कयास पर विराम लग गया।

## नामी ज्वेलर्स को ठगने वाला जालसाज राजस्थान से गिरफ्तार,




**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश की स्टेट साइबर सेल ने भोपाल के ज्वेलर को आयकर अधिकारी बनकर छापे डालने की धमकी देकर पांच लाख 20 हजार रुपये ठगने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ठगी मार्च महीने में हुई थी। फरियादी ने चार दिन पहले ही स्टेट साइबर सेल में मामला दर्ज कराया था। प्रकरण दर्ज होने के चौथे दिन ही स्टेट साइबर सेल ने आरोपी को राजस्थान के पाली से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इतना शातिर है कि उसके खिलाफ राजस्थान व अन्य राज्यों में ठगी व जालसाजी के 62 प्रकरण दर्ज हैं। वह पूर्व मंत्रियों, आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के नाम पर ठगी करता है। वह पूर्व कलेक्टर के नाम पर भी ठगी कर चुका है। आरोपी ने भोपाल के ज्वेलर को आयकर अधिकारी बनकर ठगा है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।



# सीएम शिवराज ने अधिकारियों को दिया सुशासन का मंत्र

## कोरोनाकाल में सेवाओं के लिए सराहा

भोपाल, यशभारत।

नेशनल सिविल सर्विस डे के मौके पर राजधानी की आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। सुबह करीब साढ़े दस बजे सीएम शिवराज प्रशासन अकादमी पहुंचे और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार ने मुख्यमंत्री शिवराज और मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को स्मृति चिन्ह भेंट किया।प्रसीएम शिवराज ने सभागार में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल सर्विस डे का अर्थ ही है जनता की सेवा करना। हम लोग सेवक हैं और हमारा मूल काम ही देश और समाज की सेवा करना है। कई अधिकारी विभागों को लेकर नाखुश रहते हैं। कहते हैं, छोटा विभाग दे दिया। विभाग सरकार ने बनाए हैं। कोई विभाग छोटा-बड़ा नही होता। कुछ अधिकारी ऐसे भी हैं, जिन्होंने विभाग में रहते हुए बेहतर कार्य किए है। हम जो करेंगे देश के लिए करेंगे। कोरोना में अधिकारियों ने बेहतर कार्य किए हैं। एक अधिकारी चाहे तो पूरा जिला बदल सकता है, विभाग बदल सकता है। हम ध्यान केंद्रित करे जनकल्याण पर। हमने कई टारगेट पूरे किए हैं।

# दाउदी बोहरा समाज में छाया ईद का उल्लास



भोपाल, यशभारत।

दाउदी बोहरा समुदाय आज ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। इस अवसर पर शहर के अलीगंज स्थित हैदरी मस्जिद में दाउदी बोहरा धर्मावलंबी एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से नमाज अता कर सबकी सुख-समृद्धि के लिए दुआ की। ईद के दिन सुबह की नमाज में शामिल होने के बाद समुदाय के सदस्य एक-दूसरे से गले मिले और पर्व की बधाई देते हुए शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। बच्चों व महिलाओं में भी ईद के मौके पर उल्लास नजर आ रहा है।भोपाल में दाउदी बोहरा समुदाय के प्रवक्ता इब्राहीम अली दाऊदी ने बताया बोहरा समाज हम परंपरागत रूप से ईद मनाते हैं, और रोजा खोलते हैं। च्खारकज (सूखे भरवां खजूर) खाकर और च्शीर खुरमाज तैयार और परोसते हैं। दाऊदी बोहरा समाज मिश्री कैलेंडर के आधार पर पर्व मनाता है। गुरुवार को बोहरा समाज के 30 रोजे पूरे हो गए और शुक्रवार को ईद मनाई जा रही है। उन्?होंने बताया कि रमजान के पाक माह में शहर और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में दाउदी बोहरा समाज के सदस्य प्रार्थना और एकता की भावना से अपनी स्थानीय मस्जिदों और सामुदायिक केंद्रों में एकत्र हुए। सामुदायिक भोजन की मेजबानी की। कुरान पाठ और याद करने के कार्यक्रमों का आयोजन किया और विभिन्न सामाजिक कल्याण गतिविधियों को अंजाम दिया। दुनिया भर के मुसलमानों के लिए, ईद उल फितर परिवार और दोस्तों के साथ अपने बंधन को मजबूत करने और एक दूसरे के प्रति दया, उदारता और करुणा के मूल्यों को अपनाने का एक अवसर है।

**विशेष नमाज अता कर की सबकी खुशहाली की कामना**



## मध्य प्रदेश में किसी भी स्कूल को बंद नहीं किया: शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार

भोपाल, यशभारत।


पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा पत्रकार वार्ता में स्कूलों के बंद होने व शिक्षकों की कमी को लेकर दिए बयान पर मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने पलटवार करते हुए गुरुवार को कहा कि झूठ व भ्रम फैलाने मे माहिर दिग्विजय सिंह गलत आंकड़े पेश कर रहे हैं और कोई स्कूल बंद नहीं किए गए हैं।उन्होंने दिग्विजय सिंह को कमलनाथ सरकार के रिमोट के रूप में उद्बोधित करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह जो आंकड़े पेश कर रहे हैं, वह झूठे और मिथ्या है। कमलनाथ सरकार द्वारा एक शाला एक परिसर योजना के माध्यम से प्राथमिक माध्यमिक व हाईस्कूल स्कूलों को एक किया गया। पहले इंसानों का अलग-अलग कोड हुआ करता था, अब एक कोड से संचालित होने से शालाओं की संख्या कम दर्शाई जाने लगी है।

# गेहूं खरीदी में गड़बड़ी करने पर होगी सख्त कार्रवाई

भोपाल, यशभारत।

जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इन्हीं केंद्रों का गुरुवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने निरीक्षण किया और निर्देश दिए हैं कि यदि उपार्जन के कार्य में गड़बड़ी बरती गई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों से खरीदे जा रहे गेहूं का वजन सही से किया जाए और तौल-कांटे भी बेहतर होना चाहिए।इतना ही नहीं खरीदे गए गेहूं को रखने की व्यवस्था भी पर्याप्त होनी चाहिए।कलेक्टर ने कहा कि किसानों के लिए पेयजल, छाया आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋतुराज सिंह, जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार, एसडीएम आकाश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।खाद्य आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि भोपाल जिले में 33,900 पंजीकृत किसानों में से 28,164 द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए स्लाट बुक कराए गए हैं।अब तक 18,880 किसानों से एक लाख 85 हजार 191 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी की गई है। किसानों को अब तक 148 करोड़ रुपये से अधिक का सफल भुगतान किसानों के खातों में किया जा चुका है।कलेक्टर आशीष सिंह ने गुरुवार को बैरसिया ब्लाक के गौरव वेयर हाउस रतुआ रतनपुर एवं सरजू वेयरहाउस, ग्राम हर्राखेड़ा का निरीक्षण किया।उन्होंने उपार्जन समितियों को नियम से खरीदी करने के निर्देश दिए हैं। उपार्जन केंद्र के बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में लाड़ली बहना योजना के अपडेशन केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा ईटखेड़ी स्थित कचरा संग्रहण केंद्र में व्यवस्था को देखा। साथ ही ग्राम पंचायतों में किए जा रहे जलजीवन मिशन के काम की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्र का निरीक्षण**



## मध्य प्रदेश में कोरोना का संक्रमण बढ़ा, फिर भी संदिग्धों की जांच नहीं करा रहे डाक्टर

भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में तीन दिन से कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को 67 रोगी मिले थे। इसके पहले सोमवार को 57 संक्रमित सामने आए थे। संक्रमण दर भी लगभग पिछले 15 दिन से पांच से 10 प्रतिशत के बीच रही है। इसके बाद भी स्थिति यह है कि सरकारी और निजी अस्पतालों में डाक्टर सर्दी-जुकाम और बुखार के रोगियों को कोरोना की जांच कराने की सलाह नहीं दे रहे हैं। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट की वजह से संक्रमितों की संख्या और संक्रमण दर बढ़ रही है। गांधी मेडिकल कालेज भोपाल के छाती व श्वास रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा.लोकेन्द्र दवे ने कहा कि ज्यादातर वही लोग जांच करा रहे हैं जिन्हें कोरोना जैसे लक्षण हैं। इस कारण संक्रमण दर ज्यादा है।



## महाधमनी में आ गई थी दरार, हार्ट को बंद कर किया गया फ्रीज

भोपाल, यशभारत।

एम्स भोपाल में अब तक के सबसे जटिल आपरेशन को अंजाम दिया गया। एक मरीज की महाधमनी (एओटा) क्रेक होने के बाद उसकी जगह कृत्रिम महाधमनी लगाई गई। यही नहीं करीब 12 घंटे तक चले इस आपरेशन में हार्ट को बंद कर पहले मरीज को कृत्रिम हार्ट लंग्स मशीन पर रखा गया। यही नहीं लंबे समय तक बिना रक्त के रहने से हार्ट को खराब होने बचाने के लिए हार्ट को विशेष तापमान पर फ्रीज किया गया। यही नहीं खराब महाधमनी की जगह विशेष फेब्रिक्स से बनी कृत्रिम महाधमनी लगाकार मरीज की जान बचाई गई। जानकारी के मुताबिक सतना निवासी एक 52 वर्षीय महिला को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और उसके शरीर के बाईं ओर कमजोरी आ गई। परिजनों ने जिला अस्पताल में जांच कराई तो पता चला कि पूरी महाधमनी (एओटा, रक्त को हार्ट से पूरे शरीर में पहुंचाने वाली नलिका) में दरार आई थी। दरार हार्ट से लेकर निचले हिस्से तक थी। बिग?ती हालत देख परिजन मरीज को नागपुर ले गए, जहां निजी अस्पताल में तत्काल आपरेशन कर सालह दी गई और 10 से 20 लाख रुपए का खर्च भी बताया गया। परिजनों को बताया गया कि आपरेशन के बावजूद मरीज के बचने की संभावना बहुत कम होगी। आपरेशन करने वाले एम्स के सीटीवीएस सर्जन डा. योगेश निवारिया ने बताया परिजन आधी रात को मरीज को एम्स लगकर आए। मरीज की स्थिति बहुत नाजुक थी। जांच के दौरान पता चला कि महाधनी की तीन परतों में से दो परतें पूरी तरह खराब हो गई थीं। ऐसे मरीजों को अचानक हार्ट, लंग्स या किडनी फैल्योर और मृत्यु का खतरा रहता है। ऐसे में हमने तत्काल आपरेशन करने का निर्णय लिया। तमाम जांच के बाद सुबह नौ बजे आपरेशन शुरू किया गया। डा. निवारिया के मुताबिक आपरेशन बहुत जटिल था। आपरेशन से पहले हार्ट को बंद करना जरूरी था, क्योंकि महाधमनी कट करने और इस दौरान हार्ट पंपिंग से शरीर का सारा रक्त बाहर निकल जाता। ऐसे में हार्ट को बंद किया गया लेकिन ज्यादा देर हार्ट बंद रहने पर हार्ट के खराब होने की भी आशंका रहती है, ऐसे में हार्ट को विशेष मशीन से 25 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा कर फ्रीज किया गया। वहीं फेफ?ों को आक्सीजन और पूरे शरीर को रक्त की सप्लाई के लिए मरीज को हार्ट लंग्स मशीन से जोड़ा गया।

**हार्ट लंग्स मशीन लगाकर आर्टीफीशियल महाधमनी लगाई**

# सूडान में जयंत के फ्लैट के सामने गोलीबारी के दृश्य देख भोपाल में सहमा केवलानी परिवार

## अशांत क्षेत्र से एयरलिफ्ट होंगे भारतीय

भोपाल, यशभारत।

सूडान में गृह युद्ध जैसे हालात बनने के कारण वहां से कई भारतीय वापस नहीं आ पा रहे हैं। इनमें बैरागढ़ निवासी जयंत केवलानी भी शामिल हैं। जयंत ने अपने स्वजनों को वहां के गंभीर होते हालात के कुछ वीडियो भेजे हैं। उनके फ्लैट के सामने ही लगातार गोलीबारी हो रही है। यह वीडियो देखकर केवलानी परिवार सहम गया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार देर शाम को सूडान के हालात की समीक्षा की। सूडान सरकार के सहयोग से भारतीय दूतावास ने खार्तूम में फंसे भारतीयों की सूची तैयार की है। इस सूची में जयंत सहित 62 लोगों के नाम शामिल हो गया है। जयंत ने स्वजनों को बताया कि उन्हें जल्द ही एयरलिफ्ट कराने की जानकारी दी गई है। इस खबर के बाद सदमे में डूबे केवलानी परिवार की चिंता कुछ कम हुई है।हार्डवेयर व्यापारी नरेंद्र केवलानी का 23 वर्षीय पुत्र जयंत कारोबार के लिए दुबई से होते हुए सूडान की राजधानी खार्तूम गया था। वह 20 अप्रैल को ही स्वदेश लौटने वाला था। विमान से बुकिंग भी हो गई थी, लेकिन ठीक तीन दिन पहले सूडान में गृह युद्ध के हालात बन गए। हिंसक हमले में खार्तूम एयरपोर्ट का एयर बेस भी क्षतिग्रस्त हो गया। नतीजा कोई भी भारतीय वहां से नहीं निकल पा रहा है। जयंत ने वहां की गंभीर स्थिति के दृश्य मोबाइल में कैद किए हैं। वीडियो में पैरामिलिट्री, रेपिड सपोर्ट फोर्स के जवान सेना मुख्यालय पर हमला करते नजर आ रहे हैं। लगातार हो रही गोलीबारी भयभीत करने वाली है। यह वीडियो देखकर जयंत के दादा गिरधारीलाल, मां तमन्ना एवं बहन वंशिका भावुक हो उठी। पिता नरेंद्र स्वजनों को संभालते नजर आए। नरेंद्र ने कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मिलकर पूरी स्थिति से अवगत कराया। इसके पहले वंशिका ने पीएम मोदी एवं विदेश मंत्री को ट्वीट कर मदद की गुहार की थी।



### भोजन नहीं, बिजली भी बंद

जयंत के अनुसार वे अपने भारतीय साथियों के साथ जिस फ्लैट में हैं, वहां खाद्य सामग्री की कमी हो चुकी है। एक-दो दिन में खाने को कुछ नहीं बचेगा। बिजली बार-बार बंद हो रही है। मोबाइल चार्ज करने में दिक्कत है। संपर्क बार-बार टूट रहा है। निकटतम एयरपोर्ट से उड़ान भरने में दिक्कत है। यही बड़ी चिंता का विषय है। जयंत ने पिता को फोन पर बताया कि यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो वहां भुखमरी एवं लूटपाट की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## राजा भोज और रानी कमलापति के नाम पर बनेंगे पुस्तकालय व संग्रहालय, महापौर ने की घोषणा

भोपाल, यशभारत।

शहर में राजा भोज और रानी कमलापति के नाम पर पुस्तकालय स्थापित किए जाएंगे। गुरुवार को स्वराज भवन में स्वतंत्रता संग्राम और रियासतों का विलीनीकरण विषय पर हुई संगोष्ठी में महापौर मालती राय ने इस आशय की घोषणा की। आगामी 01 जून को भोपाल के विलीनीकरण दिवस पर महापौर इस पुस्तकालयों का लोकार्पण करेंगी। इसके अलावा शहर में राजा भोज और रानी कमलापति के नाम पर संग्रहालय की भी स्थापना होगी।संगोष्ठी के दौरान अपने संबोधन में महापौर मालती राय ने कहा कि भोपाल वीर राजा भोज और वीरांगना कमलापति जी का शहर है। इस शहर पर कई तरह का इतिहास लिखा गया लेकिन अभी भी राजा भोज और रानी कमलापति पर बहुत काम होना बाकी हैं। धरोहर संस्था द्वारा यह विषय लाया गया है कि भोपाल के इतिहास पर शोध के लिए कोई पुस्तकालय नहीं है जहां सारे ग्रंथ और पुस्तकों का संग्रह हो। इसलिए भोपाल महापौर के नाते ये कहती हूं कि भोपाल विलीनीकरण के दिन 01 जून को मैं राजा भोज और रानी कमलापति के नाम पर पुस्तकालय का लोकार्पण करूंगी। इन पुस्तकालयों में भोपाल के इतिहास और शोध की समस्त पुस्तकों और ग्रंथों का संकलन किया जाएगा।इसके अलावा महापौर ने पुराने शहर में यूनानी शफाखाना चौक पर स्थित कुंआ के साक्ष्य मिलने पर उसे विलीनीकरण के स्मारक के रूप में सहेजने, गिन्नोरी शासकीय विद्यालय का नाम बदल कर विलीनीकरण की आंदोलनकारी शांति देवी के नाम पर करने का प्रस्ताव लाने और डॉ श्याम सुंदर सक्सेना के नाम पर एक लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा भी की।



## मजबूत करने के साथ चुनाव की कार्ययोजना

# कमल नाथ ने कांग्रेस के 16 नेताओं को सौंपी अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी

भोपाल, यशभारत।

नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने 16 नेताओं को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है। ये सभी आवंटित जिलों में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के साथ चुनाव की कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को विंध्य, अरुण यादव और जीतू पटवरी को बुंदेलखंड और जयवर्धन सिंह को इंदौर व उज्जैन जिले का दायित्व दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और फूल सिंह बरैया ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों की कमान संभालेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समन्वय का काम देखेंगे। चुनाव अभियान समिति की बैठक में वरिष्ठ नेताओं को जिले देने का निर्णय लिया गया था। सबकी सहमति लेने के बाद जिले आवंटित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह को ग्वालियर, दतिया और शिवपुरी की जिम्मेदारी दी गई है तो फूल सिंह बरैया श्योपुर, मुरैना और भिंड में मतदान केंद्र स्तर पर चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी को सीधी, रीवा, कटनी और सिंगरौली, नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह को अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और जबलपुर का प्रभार दिया गया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया के पास आदिवासी बहुल बड़वानी और खरगोन जिले में पार्टी को जिताने का काम रहेगा।संगठन ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव को बुंदेलखंड के निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर और जीतू पटवारी को सतना, दमोह, पन्ना के साथ रायसेन का दायित्व सौंपा गया है। सज्जन सिंह वर्मा छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, बाला बच्चन खंडवा, बुरहानपुर और धार जिले में चुनाव अभियान को देखेंगे। मीनाक्षी नटराजन को आलीराजपुर, झाबुआ और आगर, रामनिवास रावत को राजगढ़ और शाजापुर, केपी सिंह को गुना, अशोकनगर और विदिशा, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह को इंदौर और उज्जैन, तरुण भनोत को डिंडौरी, बालाघाट, सिवनी, मंडला और नरसिंहपुर, कमलेश्वर पटेल को नीमच, मंदसौर और रतलाम जिले का प्रभार दिया गया है। सीहोर और देवास जिले में पार्टी को जिताने का दायित्व लाखन सिंह यादव का होगा।





श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर लगे नंद के आनंद भयो के जयकारे

# निष्काम भक्ति से परमात्मा से जुड़ जाता है जीव का संबध : सियावल्लभ दास

**सिहोरा, यशभारत। राधे राधे महिला सत्संग मंडल द्वारा वार्ड नम्बर 11 में पुलिस थाने के पास चल रही भागवत कथा में संत सियावल्लभ दास वेदांती जी महाराज द्वारा कथा के चौथे दिन शुक्रवार को प्रहलाद चरित्र,श्रीराम चरित्र,श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। संत जी भक्त प्रहलाद के चरित्र की मीमांसा करते हुए कहा की जिस तरह भक्त प्रहलाद ने भगवान की भक्ति कर उनको प्राप्त कर लिया उसी तरह हर भक्त अगर प्रभु की निष्काम भक्ति करे तो उसका संबध परमात्मा से जुड जायेगा।**



श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज जी ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के यहां भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। महाराज जी ने कहा देवता और दैत्य दो विचार है देवता का मतलब करुणा ममता दया और दैत्य का मतलब काम क्रोध लोभ मोह।महाराज श्री ने कहा की जब तक गुरु अपने शिष्य को परमात्मा के दर्शन न करादे तब तक गुरु का जीवन भी सफल नही होता। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो कथा पंडाल में सैकड़ों भक्त नंद के आनंद भयो के जयकारा लगाते हुए नांचने लगे कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर लडडू का प्रसाद वितरण किया गया। कथा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दुबे,पूर्व विधायक दिलीप दुबे,पार्षद रीता शुक्ला राकेश पाठक,राजेश मिश्रा, राजू तिवारी, अनिल तिवारी, सुनील तिवारी गुड्डू, सुनील तिवारी नंदू,प्रवीण कुररिया,शैलेन्द्र दुबे,विनय असाटी,सतेन्द्र तिवारी, प्रशांत बाजपेयी, मंजू दुबे,निर्मल दुबे,अनीता त्रिपाठी,सरोज शुक्ला,सरोज पटेल,राधिका पटेल,अनीता शुक्ला,पार्वती नायक,पार्वती यादव,मीना पटेल,विनीता दुबे,दीपा तिवारी,संजना पटेल, माधुरी त्रिपाठी,अनीता लखेरा,मंजू मिश्रा,संजना पटेल,मधु ठाकुर आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

## बिजौरा में पानी की समस्या विधायक स्वयं के व्यय पर भेजेंगे पानी टेंकर

**तेंदूखेड़ा/नरसिंहपुर यभाप्र।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधायक संजय शर्मा के द्वारा नर्मदा उत्तराखंड और दक्षिणाखंड में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया जा रहा है इसी सिलसिले में गुरूवार को बिजौरा पहुंचे विधायक के लोकार्पण भूमि पूजन समारोह के दौरान वहां की महिलाओं के द्वारा बिजौरा में पानी की विकराल समस्या का उल्लेख किया। जिसे दृष्टिगत रखते हुये विधायक श्री शर्मा ने इस विषय को काफी गंभीरता से लेते हुये न केवल अपनी सहजता दिखाई, बल्कि व्यवस्था होने तक प्रतिदिन वंशिका शुगर मिल के माध्यम से स्वयं के व्यय पर पानी टेंकर भेजकर पेयजल आपूर्ति की बात कही। विधायक संजय शर्मा की इस सह्दयता को देखकर महिलाओं ने विधायक के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुये कृतज्ञता व्यक्त की है।



## अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद न कर्तव्यपथ पर चलने की शपथ दिलायी

**सहजपुर, यशभारत।** सहजपुर, यशभारत। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पारसनाथ पुष्पांजलि शाखा कचनार सिटी चेलना संभाग का शपथ ग्रहण समारोह श्रीमती अंजलि जैन के निवास स्थान पर संभाग अध्यक्ष श्रीमती साधना जैन जी, एवं आकांक्षा जैन के सानिध्य में संपन्न हुआ श्रीमती साधना जैन जी के द्वारा पूरी कार्यकारिणी को कर्तव्य पथ पर चलने की शपथ दिलाई अध्यक्ष श्रीमती अंजुला जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती अंजलि जैन सचिव श्रीमती सोनम जैन उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी जैन और सुलेखा जैन रही प्रांतीय श्रीमती प्रमोदिका जैन , निवेदिता, विनीता, स्नेह लता, सुरभि, रत्ना , आशी उपस्थित रहे मंच संचालन श्रीमती अहिंसा जैन के द्वारा किया गया।

## हर्षोल्लास से मनाया गया ईद उल फितर का पर्व



नगर वासियों ने दी मुस्लिम भाइयों को पर्व की बधाई

पनागर, यशभारत। आज नगर की बड़ी जामा मस्जिद में ईद उल फितर का त्योहार बड़े बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदू भाइयों ने मुस्लिम भाइयों को माला पहना कर गले लगा कर ईद पर्व की बधाई दी एवं देश के अमन चैन एवं खुशहाली की मंगल कामना की इस अवसर पर बड़ी मस्जिद में नमाज के उपरांत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल नगरपालिका उपाध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र चक्रवर्ती पार्षद तुलसीराम कुशवाहा प्रमोद पटेल बेड़ी लाल कुशवाहा बहादुर राय सैकी यादव ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव सुरेश नामदेव पूर्व पार्षद मनोज बंशकार मंडलम अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा धरमू राय सेक्टर अध्यक्ष संतोष प्रजापति और मुस्लिम परिवार की ओर से बाबू खान पूर्व पार्षद अहमद खान मंजूर अली बबलू खान नसीम बाबा अयूब खान हनीफ खान साहब सभी लोगों ने गले लग कर एक दूसरे को बधाई दी देश मैं अमन-चैन रहे भावना व्यक्त की।

## जनपद पंचायत कुंडम के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन संपन्न



कुंडम, यशभारत। आज दिनांक 19 तारीख को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत कुंडम द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिसमें 331 जोड़ों ने सात फेरे लिए जबरदस्त भीड़ होने के कारण लगभग 6 से 7 हजार की संख्या में वर-वधु पक्ष के रिश्तेदार मौजूद रहे पंडाल छोटा पड़ गया खाना की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में थी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा ?48000 की राशि का चेक जनपद पंचायत कुंडम के माध्यम से दिया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नंदनी मरावी जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकडे जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धुर्वे जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि सतीश अवस्थी मंडी अध्यक्ष राधेश्याम साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुंडम श्रीमती अर्चना साहू राजेश साहू जनपद पंचायत सीईओ पी,एल यादव एसडीएम जेपी यादव टी,आई प्रताप सिंह मरकाम तहसीलदार,नायब तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपयंत्री सहायक यंत्री सरपंच सचिव उपस्थित रहे.


# जीसीएल 2023 रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता पर प्रिंस इलेवन का कब्जा

**गाडरवारा(यशभारत)** स्थानीय पुराने कॉलेज ग्राउंड पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी खेल परिसर मे सुभाष ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा आयोजित प्रिंस एकता सनराइज क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता जीसीएल गाडरवारा क्रिकेट लीग 2023 ट्रॉफी मे फाइनल मैच प्रिंस इलेवन एवं एसटीसी के बीच खेला गया जिसमें प्रिंस इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 144 रन बनाए जवाबी पारी खेलते हुए एसटीसी 31 रन ही बना पाई प्रिंस क्रिकेट क्लब 117 रन से मैच जीत जीतकर विजेता बनी । विजेता टीम प्रिंस को 61 हजार नगद एवं कप समाजसेवी दिनेश मालपानी द्वारा उपविजेता टीम एसटीसी को 31 हजार एवं कप समाजसेवी चतुर्भुज पेसवानी द्वारा एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार 11 हजार नगद एवं कप करण चौधरी को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष उमेश नीरस द्वारा दिया गया । बारिश होने के बाद भी खिलाड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ । समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बारिश होने के कारण संक्षिप्त में किया गया । कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक सुनीता पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, कलचुरी समाज जिला अध्यक्ष पंकज चौकसे, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नवनीत चाचा अनीता रविशेखर जायसवाल, राजेंद्र साहू, उमेश नीरस, भाजपा नेता घनश्याम अशोक सराठे, कांग्रेस नेता मनीष राय, अभिनय ढिमोले, जिनेश जैन, डॉ उमाशंकर दुबे, किशोर राय, कलचुरी समाज अध्यक्ष राधा रमन राय, पार्षद सुरेंद्र गुर्जर, सीता चौकसे, शिल्पी चंदन साहू, शुभम राजपूत, चंचल कोरी, श्रीमती संगीता जायसवाल, सतीश सैनी रूपेश राय अवधेश रूसिया बृजेश सोनी आदि ने दोनों टीमों को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक सुनीता पटेल ने कहा कि शीघ्र विधायक निधि से खिलाड़ियों की सुविधा के लिए कॉमेंटेटर बॉक्स का निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है । नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए खिलाड़ियों को बधाई देकर कहा की जल्द ही खेल मैदान का स्वरूप मिनी स्टेडियम के रूप में देखने मिलेगा । स्वागत भाषण देते हुए आयोजक सुभाष राय ने कहा कि गाडरवारा ने क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है क्षेत्र के युवाओं का क्रिकेट के प्रति जुनून एवं उनका उत्साह देखकर हम लोग प्रतिवर्ष रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करते चले आ रहे है । अतिथियों ने विजेता प्रिंस क्रिकेट क्लब के कप्तान साहिल खान एवं उपविजेता एसटीसी के कप्तान सहित पूरी टीम को बधाई देते हुए पुरस्कार दिए द्य कार्यक्रम का संचालन रुपेश राय, अवधेश रूसिया ने संयुक्त रूप से किया द्य



### सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को मिले पुरस्कार

फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच अभिषेक जोशी को दिया गया जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए थे, सभी मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले करण चौधरी को मैन ऑफ द सीरीज, शानदार बल्लेबाजी करने वाले जैकी नीरस को बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट फील्डर राहुल कहार, बेस्ट गेंदबाज अभिषेक जोशी, बेस्ट कीपर सूरज नीरस, बेस्ट कॉमेंट्री का पुरस्कार जुल्फिकार अली इलियास खान, अभिषेक ठाकुर, बेस्ट एंपायर राजकुमार ईशाक खान, मयंक रूसिया, अखिलेश नीरस, देवेंद्र रजक, मुकेश पटेल , स्कोरिंग के लिए जस्सी पाजी यशवंत गुर्जर, अमित पटेल, अजय पटेल अभिषेक जोशी को पुरस्कार दिए गए ।



## अल्लाह के सजदे में झुके हजारों सिर

**नरसिंहपुर यभाप्र।** रमजान के पाक महीने के बाद मनाया जाता है ईद उल फितर का त्यौहार। आज ईद मनाई गई। ईद उल फितर से पहले माहे रमजान के पूरे महीने में मुस्लिम भाईयों ने रोजे रखकर अल्लाह की इबादत की। जिसके बाद ईद के त्यौहार का जश्न मनाया। ईद का चांद दिखने के बाद सभी ईद की तैयारियों में व्यस्त हो गये थे। वहीं एक दूसरे को मुबारकबाद देने का दौर भी शुरू हो गया था इसके लिए मुस्लिम समाज के लोगों ने तैयारियां ईद त्योहार की संध्या पर पूरी कर ली थी। ईद को लेकर मुस्लिम समाज की महिलाओं के द्वारा कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी। सुबह से ही मुस्लिम भाई नये परिधान पहन स्थानीय ईदगाह पहुंचे जहां शहर काजी साहब ने ईद की नमाज अदा करवायी और देश में अमन-चैन, भाईचारा, सुखसमृद्धि के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। इस्लामी कैलेंडर के नौवें महीने को रमजान का महीना कहते हैं और इस महीने में अल्लाह के सभी बंदे रोजे रखते हैं। इसके बाद दसवें महीने की शव्वाल रात पहली चाँद रात में ईद उल फितर मनाया जाता है। इस रात चाँद को देखने के बाद ही ईद उल फितर का ऐलान किया जाता है। ईद उल फितर ऐसा त्यौहार है जो सभी ओर इंसानियत की बात करता है, सबको बराबर समझने और प्रेम करने की बात की राह दिखाता है। इस दिन सबको एक समान समझना चाहिए और गरीबों को खुशियाँ देनी चाहिए। कहते है कि रमजान के इस महीने में जो नेकी करेगा और रोजा के दौरान अपने दिल को साफ-पाक रखता है, नफरत, द्वेष एवं भेदभाव नहीं रखता, मन और कर्म को पवित्र रखता है, अल्लाह उसे खुशियां जरूर देता है। रमजान महीने में रोजे रखना हर मुसलमान के लिए एक फर्ज कहा गया है। भूखा-प्यासा रहने के कारण इंसान में किसी भी प्रकार के लालच से दूर रहने और सही रास्ते पर चलने की हिम्मत मिलती है।ईद हमारे देश ही नहीं दुनिया का एक विशिष्ट धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक त्यौहार है। अध्यात्म का अर्थ है मनुष्य का खुदा से संबंधित होना है या स्वयं का स्वयं के साथ संबंधित होना। इसलिए ईद मानव का खुदा से एवं स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का पर्व है।

## चिरहकलां की अवैध कॉलोनी में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध

नरसिंहपुर यभाप्र। तहसील गाडरवारा की एक अवैध कॉलोनी में प्लाट विक्रय पर प्रतिबंध लगाने का आदेश न्यायालय अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा ने जारी किया है। यह आदेश मध्यप्रदेश कॉलोनी विकास नियम 2014 और मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के तहत पारित किया गया है। साथ ही अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा ने तहसीलदार गाडरवारा को आदेशित किया है कि वे उक्त अवैध कालोनी के कॉलोनाईजर बसंत पिता प्रेमनारायण सोनी निवासी गाडरवारा के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करायें।

# एनटीपीसी, सीआईएसएफ ने मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह

गाडरवारा(यशभारत) केऔसुब इकाई, एनटीपीसी गाड़रवारा की अग्निशमन शाखा द्वारा दिनाँक 14-04-23 से शुरू किए गए राष्टीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन दिनांक 20-04-23 को मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख कमलेश सोनी (सीजीएम एनटीपीसी गाड़रवारा), सीआईएसएफ इकाई प्रमुख उप कमाण्डेंट श्रेय कुमार पाण्डेय, महाप्रबंधक अनिल बावेजा, प्रोबल मण्ड़ल, अपर महाप्रबंधक (सेफ्टी) गुलबीर सिंह चैहान, बाल भारती पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती गीता भारद्वाज, निरीक्षक सचिन वर्मा, उप निरीक्षक जितेन्द्र सारस्वत, उप निरीक्षक योगेश वामनकर तथा एनटीपीसी के अधिकारियों व कर्मचारीयों एंव सीआईएसएफ के बल सदस्यों की उपस्थिति मे किया गया।



इस सप्ताह के दौरान केऔसुब अग्निशमन शाखा के द्वारा इस वर्ष की थीम- राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता'' के अनुसार कार्य करते हुए अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, आग बुझाने के तरीकों एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रह कर दुर्घटना नहीं होने देने संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसके तहत एनटीपीसी टाउनशिप में ग्रहणियों के लिए प्राथमिक अग्नि सुरक्षा तथा रसोई गैस की आग बुझाने से संबंधित ट्रेनिंग व डेमो दिया गया साथ ही क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसी क्रम में ग्राम चोर बरहेटा के निवासीयों, शासकीय शाला, उपाय फुटपाथ शाला तथा बाल भारती स्कूल (एनटीपीसी टाउनशिप) के विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए फर्स्ट-ऐड फायर फाइटिंग ट्रेनिंग, डेमो तथा ड्रॉइंग कॉम्पटीशन आयोजीत किए गये। इस सप्ताह के दौरान एनटीपीसी संयत्र के कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों के लिए भी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें अग्नि सुरक्षा में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गयीं। राष्टीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन समारोह में फायर सेफ्टी जागरूकता हेतु सीआईएसएफ के बल सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गयी। सप्ताहभर चले अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सीआईएसएफ की अग्निशमन शाखा ने कुल 529 कर्मचारियों, श्रमिकों, ग्रामिणों, ग्रहणियों तथा विधार्थीयों को प्राथमिक अग्निशामक उपकरणों को आपातकालीन स्थिती में चलाने का प्रशिक्षण देकर लाभान्वित किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर सीआईएसएफ इकाई प्रमुख उप कमाण्ड़ेन्ट श्रेय कुमार पाण्डेय द्वारा मुख्य अतिथि कमलेश सोनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में मुख्य अतिथि सोनी ने अपने अभिभाषण के दौरान उपस्थित सभी जनों से अग्नि सुरक्षा के उपायों को अपनाने का आग्रह किया तत्पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति की गयी।

## विद्याभारती आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग

**तेंदूखेड़ा / नरसिंहपुर यभाप्र।** विद्याभारती महाकौशल केशव शिक्षा समिति जबलपुर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिरों का प्रांतीय वर्ग सरस्वती शिशुमंदिर तेंदूखेडा में 30 अप्रैल तक आयोजित है। जिसमें महकौशल प्रांत के 21 जिलों से 86 आचार्य एवं दीदी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षण वर्ग सुबह 5 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक दैनिक निर्धारित कार्यक्रम संचालित होते है। जिसमें प्रांतीय क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय अधिकारियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हो रहा है। गत दिवस विद्याभारती के राष्ट्रीय मंत्री श्री रामजी अरावकर का भी मार्गदर्शन इन आचार्यो एवं दीदीओं को प्राप्त हुआ।

## महिलाओं ने शिवमंदिर में की सुहागलें



पनागर, यशभारत। प्रताप वार्ड पनागर के गौरीशंकर मंदिर मैं शिवाय महिला ग्रुप द्वारा चल रहे वैशाख माह में 71 महिलाओं द्वारा सुहागलें का आयोजन किया गया जिसमें भगवान भोलेनाथ जी के मन्दिर में पूजन किया गया जिसमें शिल्पा तिवारी,रितु त्रिपाठी, मनीषा चौरसिया, चाँदनी चौरसिया,नेहा,किरण,गीता ,पूनमसरिता आदि सेकड़ो महिलाओं की उपस्थिति रही और ग्रुप ने ये तय किया कि आगे भी गौरीशंकर मंदिर में ऐसे धार्मिक आयोजन हमारे ग्रुप द्वारा होते रहेंगे।

## गुणवान और संस्कारवान नेता का हो चुनाव -मुनिश्री प्रणम्प सागरजी

शहपुरा भिटौनी, यशभारत। राजा से रहित भवन तो फिर भी ठीक है किंतु मूर्ख का राजा होना ठीक नहीं है। अर्थात कहा जा रहा है कि राजा हमेशा बुद्धिमान होना चाहिए तभी वह राज्य का संचाल सही तरीके से कर पाता है। यदि ऐसा राजा न हो तो कोई बात नहीं किंतु मूर्ख को राजा बनना उचित नहीं है। योग्य , गुणवान और संस्कारवान को ही चुनना चाहिए। पृथ्वी पर राजा होना ज़रूरी नहीं अपितु श्रेष्ठ राजा होना जरुरी है। उसी तरह से घर में पुत्र होना जरूरी नहीं बल्कि सुपुत्र होना आवश्यक है। जो संस्कारवान पुत्र नहीं होते वे घर को कलंक लगा देते हैं। दुष्ट पुत्र और दुष्ट शिष्य होने की अपेक्षा न होना ही उचित है। जो भी संबंध हों वे उचित होना चाहिए जैसे गुरु के लिए श्रेष्ठ शिष्य होना ज़रूरी है उसी तरह से गुरु का चुनाव भी श्रेष्ठ होना चाहिए। उक्त उद्?गार, आगे मुनि श्री ने कहा-卐पुत्र का होना अगल है और पुत्र का संस्कारित होना अलग है। संस्कारित करना यानि तराशना । जिस तरह से पाषाण खण्ड से रत्न को तराशा जाता है उसी तरह पुत्र को भी संस्कारों से तराशना चाहिए। तलाश और तराशने से व्यक्ति योग्य बनता जाता है। अनेक व्यक्तियों में से एक की खोज तलाश है तथा तलाशने के बाद तराशने से वह श्रेष्ठ बन सकता है।ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रात: 8-30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । और (23/4/237) आज अक्षय तृतीया के अवसर पर शहपुरा पूज्य मुनिसंघ के सानिध्य में गुरुकुल विद्यालय का भव्य शिलान्यास सपन्न होगा । तथा जैन समाज के प्रत्येक घर में चौका लगेंगे ।जो मुनिसंघ का पड़गाहन कर आहार दान करेंगे। संध्या 6 बजे से गुरु भक्ति तथा अनतर्गुंज कार्यक्रम संपन्न होगा। समस्त कार्यक्रमों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील शहपुरा जैन पंचायत सभा के पदाधिकारियों मे की है ।



## ठेमी पुलिस ने मार्शल वाहन से 3 पेटी बीयर,17 पेटी अंग्रेजी शराब एवं 33 पाव देशी मसाला की जब्त

नरसिंहपुर यभाप्र। आपेशन प्रहार के तहत थाना ठेमी अंतर्गत एक मार्शल वाहन से 3 पेटी बियर, 17 पेटी 9 पाव अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब एवं 33 पाव देशी मसाला शराब एक मार्शल वाहन सहित बरामद करते हुए एक आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक 20 अप्रैल को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम डुगरिया में विश्राम पटेल के घर के सामने पोनीया रोड पर देवेन्द्र पटेल नाम का व्यक्ति मार्शल गाड़ी में अवैध शराब बेचने की नीयत से रखा हुआ है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना ठेमी की पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्त में लेने हेतु घेराबंदी की गयी और उसे गिरफ्त में लिया गया एवं उससे पूछताछ की गयी जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम देवेन्द्र पटेल पिता हलकई पटेल उम्र 48 साल निवासी बैलहाई, थाना गोटेगांव का होना बताया। जिसकी मार्शल की तलाशी लेने पर मार्शल गाड़ी में से पीछे व बीच वाली सीट में खाकी रंग के 20 कार्टून रखे थे। देवेन्द्र पटेल से बरामद कुल कार्टून को खोलकर चेक किया, जिसमें 3 पेटी पावर कम्पनी की बीयर एवं 17 पेटी 9 पाव में अलग अलग ब्रान्ड की अंग्रेजी शराब एवं एक थैले में 33 पाव देशी मसाला रखी मिली जो लीटर में कुल 127 लीटर जिसकी कुल कीमती 1,38,970 रुपये है जप्त की गयी है। आरोपी देवेन्द्र के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। अवैध शराब के परिवहन में लिप्त जप्त मार्शल वाहन को राजसात कराने की भी कार्यवाही की जा रही है।

# रिंकू सिंह की बल्लेबाजी देख बुरी तरह भड़के युवराज सिंह



**कोलकाता नाईट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को एक लो स्कोरिंग रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने अंतिम गेंद पर मुकाबला जीत लिया। केकेआर ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सिर्फ 127 रन ही बनाए। इस दौरान केकेआर का कोई भी बल्लेबाज कुछ खास न कर सका। जब केकेआर की पारी लड़खड़ा रही थी, तब फैंस को एक बार फिर से रिंकू सिंह से उम्मीदे जगी। लेकिन रिंकू सिंह भी इस मैच में रन नहीं बना सके।**

रिंकू एक खराब शॉट खेलते हुए अक्षर पटेल की गेंद पर कैच आउट हो गए। उनकी इस गलती को लेकर पूर्व महान भारतीय खिलाड़ी युवराज सिंह ने उन्हें जमकर सुनाया है।

## युवराज ने लगाई क्लास

केकेआर के लिए खराब बल्लेबाजी करते हुए रिंकू सिंह के आउट होने के बाद युवराज खुद को रोक नहीं सके और उनकी क्लास लगा डाली। युवराज ने रिंकू सिंह के अलावा मंदीप को भी सुनाया। उन्होंने ट्विटर पर ट्वीट करते हुए लिखा कि इस स्थिति में मंदीप और रिंकू सिंह के खेलने के तरीके से खुश नहीं हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका आत्मविश्वास कितना ऊंचा हो गया है, जब विकेट गिर रहे हों तो एक साझेदारी सारे जोखिम को कम कर देता है। आपको 15 ओवर तक वनडे की तरह बल्लेबाजी करने की जरूरत थी। क्योंकि अंत में रसल बल्लेबाजी करने के लिए आने वाले थे। युवाराज के इस ट्वीट के पूरी तरह ये साफ हो गया कि वह रिंकू सिंह के बल्लेबाजी के बिल्कुल खुश नहीं हैं।



## कैसा रहा मैच का हाल

केकेआर को दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच में दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी कोलकाता की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दसों विकट खोकर 127 रन बनाए। दूसरी पारी में दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस टारगेट को भी चेज करते हुए मुश्किल में नजर आई। दिल्ली ने अंतिम ओवर में इस टारगेट को हासिल किया। उन्होंने 19.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाए और यह मैच जीत लिया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह सीजन की पहली जीत है।



## तूफानी चक्रवात से बाल-बाल बचा, अब एंट्री करते ही IPL में मचाई तबाही, काट दिया लखनऊ के ओपनर का पत्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 20230 में कई प्लेयर्स ने आते ही अपना जलवा बिखरना शुरू कर दिया है. कहीं पुराने चावलों की महक दिखाई दे रही है तो कहीं नए खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से महफिल लूट रहे हैं. उन्हीं में से एक नाम लखनऊ के ओपनर का भी है जिन्होंने आईपीएल में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कप्तान को सोचने पर मजबूर कर दिया है. सभी को जानकर हैरानी होगी कि एक दौर ऐसा था जब यह ओपनर तूफानी चक्रवात में फंस गया था. हम बात कर रहे हैं लखनऊ के नए ओपनर काइल मेयर्स की, जिन्होंने अपनी आतिशी बैटिंग से सभी का ध्यान खींच लिया है. मेयर्स एक तूफानी चक्रवात से लड़कर आए हैं. दरअसल, उनकी टीम के साथी कार्लोस ब्रेथवेट ने ईएसपीएन क्रिकइंफो को 2021 में एक इंटरव्यू दिया था. जिसमें उन्होंने बताया था कि मेयर्स 3 साल पहले एक मारिया चक्रवात का शिकार हुए थे. वह ट्रेनिंग कैंप के लिए टीम के साथ डोमिनिका गए थे. वहां चक्रवात आया और मेयर्स उसमें फंस गए थे. स्टार बैटर वहां खाने-पीने के लिए भटकता रहा, हालांकि पुलिस ने उनकी मदद की और वह सुरक्षित वापस लौट आए. अब यह बल्लेबाज आईपीएल में लगभग हर मैच में लखनऊ की जीत का अहम हिस्सा बन रहा है.

# खुद सचिन ही बेटे के रास्ते का रोड़ा...

### अर्जुन तेंदुलकर पर पाकिस्तानी क्रिकेटर का अजीबोगरीब दावा



**नई दिल्ली, ईएमएस। आईपीएल डेब्यू करते ही अर्जुन तेंदुलकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आखिरी ओवर में अपनी टीम को जीत दिलाते ही दुनियाभर में उनकी चर्चा हो रही है।**

इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने दावा किया है कि इस बोलिंग एक्शन के साथ वह अपनी गेंदबाजी में तेजी नहीं ला सकते। राशिद लतीफ का कहना है कि काफी जल्द सचिन पुत्र को अपने बोलिंग एक्शन बदलना पड़ सकता है क्योंकि उनकी शारीरिक संरचना सही नहीं है।

## शारीरिक संरचना ठीक नहीं

23 वर्षीय अर्जुन ने मुंबई इंडियंस के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ इसी सीजन अपने आईपीएल करियर का आगाज किया। बाएं हाथ के पेसर ने सनराइजर्स हैदराबाद के भुवनेश्वर कुमार को आउट कर अपना पहला विकेट भी लिया। कई पूर्व क्रिकेटर्स ने अर्जुन के खेल की तारीफ की। राशिद लतीफ का मानना है कि अगर अर्जुन तेंदुलकर एक अच्छे प्लेयर बनना चाहते हैं तो पेस बोलिंग का आधार मजबूत होना चाहिए।



## सचिन ने भी नहीं दिया ध्यान

अपने यूट्यूब चैनल पर राशिद लतीफ ने कहा, च्वह (अर्जुन) अपने शुरुआती दौर में है, उसे बहुत मेहनत करनी पड़ेगी, उसकी शारीरिक संरचना अच्छी नहीं है, जिससे वह ज्यादा पेस नहीं निकाल पाएंगे। अगर कोई अच्छा बायोमैकेनिकल कंसल्टेंट उनका मार्गदर्शन करता है तो शायद वह अपनी गेंदबाजी में कुछ तेजी ला सकते हैं। यह काफी मार्मिक विषय है, कोचिंग करना और खिलाड़ी को बदलना। सचिन खुद ऐसा कर सकते थे, लेकिन उन्होंने इसके लिए घरेलू क्रिकेट पर भरोसा किया।

## किसी और टीम में होना था

राशिद लतीफ की माने तो बॉल फेंकने के दौरान अर्जुन का शरीर अंदर आने के बजाय बाहर जाता है और उनका संतुलन अच्छा नहीं है। यही कारण है कि वह ज्यादा पेस नहीं जनरेट कर पाते। लतीफ ने कहा कि मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी भी अर्जुन को प्रभावित करती होगी। अगर वह किसी और टीम से खेलते तो शायद ज्यादा बेहतर नतीजे आते। अर्जुन के करियर में सचिन की भूमिका एक गैर क्रिकेटिंग होनी चाहिए।

# मोहम्मद सिराज ने 'POTM' अवॉर्ड हैदराबाद के क्रिकेटर को किया समर्पित, बोले- काश मेरे पास...

**नई दिल्ली,एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच आईपीएल मैच के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता. मोहम्मद सिराज ने अपना यह 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड हैदराबाद के पूर्व रणजी सलामी बल्लेबाज अब्दुल अजीम को समर्पित किया. 29 साल के मोहम्मद सिराज ने पावर प्ले और डेथ ओवरों में शानदार खेल दिखाया. सिराज ने आईपीएल में अपने करियर का बेस्ट 4/21 बॉलिंग प्रदर्शन किया. सिराज के दमदार परफॉर्मेंस के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को 24 रनों से मात दी. आईपीएल 2023 में अबतक 6 मैचों में 13.41 के औसत और 6.71 की इकोनॉमी रेट से 12 विकेट लेकर वह लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं**

. पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच जीतने के बाद मोहम्मद सिराज ने अपने ट्विटर पर एक पोस्ट किया और बताया कि वह अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड पूर्व रणजी क्रिकेटर अब्दुल अजीम को समर्पित कर रहे हैं, जिनकी मंगलवार, 18 अप्रैल को मृत्यु हुई थी. मोहम्मद सिराज ने ट्वीट करते हुए लिखा, च्प्रिय अजीम सर, आपने मेरे और मेरे जैसे कई अन्य लोगों के लिए जो किया है, मैं हमेशा उसकी सराहना करूंगा. आप इतने उदार, दयालु और मददगार थे. ऊपरवाले का इतना शुक्रिया अदा नहीं कर सकता कि मुझे आपसे



मिलवाया. काश मुझे आपसे मिलने का एक आखिरी मौका मिलता, लेकिन फिर भी मैं आज का'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवार्ड आपको समर्पित करना चाहता हूं.

अब्दुल अजीम हैदराबाद के पूर्व क्रिकेटर और घरेलू सर्किट में बेहतरीन सलामी बल्लेबाजों में से एक थे. बल्लेबाज कुछ समय से डायलिसिस पर थे. अपने करियर के दौरान उन्होंने 1980 से 1995 के बीच 73 प्रथम श्रेणी मैच खेले, सलामी बल्लेबाज ने अपने करियर में 12 शतक और 18 अर्द्धशतक लगाए.।

## रंग संसार



# Priyanka Chopra: म्यूजिक करियर को लेकर प्रियंका का बड़ा खुलासा

## बोलीं- पता था ज्यादा लंबे समय तक नहीं चलेगा

**मुंबई, एजेंसी। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय किया है। प्रियंका इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड वेब सीरिज %सिटाडेल% को लेकर छाई हुई हैं। अभिनेत्री न सिर्फ अपने बेहतरीन अभिनय,बल्कि अपने डांसिग और सिंगिंग स्किल को लेकर भी चर्चा में रहती हैं।**

प्रियंका इन दिनों %सिटाडेल% के प्रमोशन में बिजी चल रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपने म्यूजिक करियर के बारे में बातें शेयर की हैं। उन्होंने कहा कि अपने पहले गाने को सुनने के बाद मुझे अंदाजा हो गया था कि मेरा म्यूजिक करियर ज्यादा लंबे समय तक नहीं चलने वाला है।

उन्होंने आगे कहा कि मेरे 22 साल के फिल्मी करियर में संगीत का करियर महज 2 सेकेंड जैसा था। अभी तक उनके बस चार गाने रिलीज हुए हैं, जिसपर उनका कहना है कि उनके लैपटॉप में 400 ऐसे गाने हैं, जिन्हें कोई भी नहीं सुन पाएगा।

इससे पहले पीसी ने बॉलीवुड में अपने करियर को लेकर चौंका देने वाला खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि इंडस्ट्री में काम न मिलने के वजह से उन्होंने हॉलीवुड का रुख किया। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था, जिसके बाद इंडस्ट्री के कई सितारे उनके सपोर्ट में उतरे थे।

छ्ड्डु2ड्डठ्ठ-किंग खान की फिल्म %जवान% में नजर आएंगे %पुष्पा% फेम अल्लू अर्जून? जानें सच्चाई

प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही %सिटाडेल% में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस फरहान अख्तर निर्देशित फिल्म %जी ले जरा% का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म में उनके अलावा कटरीना कैफ, आलिया भट्ट भी अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं।

# मोनालिसा से लेकर अक्षरा सिंह तक, बोल्डनेस के मामले में टॉप पर आती हैं ये भोजपुरी एक्ट्रेस



बॉलीवुड और साउथ के साथ-साथ आए दिन भोजपुरी सिनेमा का क्रेज भी बढ़ता जा रहा है। सभी जानते हैं कि भोजपुरी सिनेमा की हसीनाओं ने हमेशा से ही लोगों के दिलों में जगह बनाई है। इन एक्ट्रेस ने अपनी अदाकारी से आज इंडस्ट्री में अपनी अलग ही पहचान बना ली है। भोजपुरी इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक हसीनाएं हैं, लेकिन कुछ एक्ट्रेस ऐसी हैं, जो बोल्डनेस और हॉटनेस के मामले में टॉप पर आती हैं। इन एक्ट्रेसेस ने बहुत कम समय में ही अपनी अच्छी पहचान बना ली है। साथ ही ये एक्ट्रेस बॉलीवुड और टेलीविजन में भी हाथ आजमा चुकी हैं।

जब भी भोजपुरी इंडस्ट्री की बात होती हैं, मोनालिसा का नाम सबसे पहले आता है। मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है। वे अब 125 भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। साथ ही वे हिंदी, बंगाली, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। फिलहाल वे नजर सीरियल में डायन का किरदार निभा रही हैं। वे अपनी बोल्ड अदाओं के लिए काफी फेमस हैं।

अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेसेस में से एक है। उनकी हर अदा के लाखों दीवाने हैं। अक्षरा बिहार के रहने वाली हैं। वे अपने कॉलेज के दिनों से ही अपने बेहतरीन डांस के लिए जानी जाती थीं। अक्षरा ने भोजपुरी इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। वे एक शानदार सिंगर भी हैं।

# Sara Ali Khan: पैपराजी को देख भागने लगीं सारा अली खान, लोगों ने किया ट्रोल, कहा- ओवर एक्टिंग कम करो

सारा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे एयरपोर्ट पर दौड़ लगाते हुए नजर आ रही हैं।

मुंबई, एजेंसी। सारा अली खान हमेशा अपनी प्रोफेशनल या पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। कुछ समय पहले ही उनकी फिल्म गैसलाइट ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। अब सारा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे एयरपोर्ट पर दौड़ लगाते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो के वायरल होते ही सारा ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। लोग उन्हें काफी ट्रोल कर रहे हैं। इस वीडियो में सारा एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए दिख रही हैं। इस बीच उन्हें एक फैन मिला, जिसके साथ सारा सेल्फी क्लिक करवाई।



## पैपराजी को देख सारा ने लगाई दौड़

सेल्फी क्लिक करवाने के बाद सारा पैपराजी को देखकर अचानक दौड़ने लगती हैं और सीधे अपनी कार के पास जाकर रुकती हैं। सारा अली खान का ये वीडियो पैपराजी विरल भयानी के पेज पर शेयर किया है। इस वीडियो के सामने आते ही लोग सारा को काफी ट्रोल कर रहे हैं। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा %ये तभी भागती है, जब मीडिया आती है। ओवर एक्टिंग की दुकान है ये, इनके पीछे भागना बंद कर दो।% वहीं एक अन्य ने कमेंट करते हुए लिखा %ड्रामेबाज लड़की।%

## लोगों ने किया जमकर ट्रोल

वहीं सारा के वर्कफ्रंट की बात करें तो सारा जल्द ही आदित्य धर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म %द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा% में एक्टर विक्की कौशल के साथ नजर आने वाली हैं। ये फिल्म महाभारत के योद्धा अश्वत्थामा पर आधारित होगी। इस फिल्म के साथ विक्की और साला पहली बार स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म %गैसलाइट% में सारा के साथ विक्रांत मैसी और चित्रांगदा सेन लीड रोल में नजर आई थीं। इससे पहले सारा %अतरंगी रे% में नजर आई थीं। फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और धनुष लीड रोल में थे। फिल्म के गाने भी काफी फेमस हुए थे।



ईदुल फित्र पर ईदगाह में हजारों मुस्लिमों ने अदा की नमाज

# सजदे में झुके सिर- खुशहाली अमन की मांगी दुआ



**जबलपुर,यशभारत।** संस्कारधानी में हर्षोल्लास के साथ ईदुल फ़ित्र मनाई जा रही है। रोजेदारों ने सुबह ईद की नमाज़ अदा की और फिर गले लगकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। रानीताल के बड़े ईदगाह दरगाह पर बड़ी संख्या में लोग नमाज़ अदा करने पहुंचे। लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज़ अदा की और वतन की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। मुफ्ती ए आज़म मौलाना सिद्दीकी ने महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह, विधायक लखन घनघोरिया , विधायक विनय सक्सेना का ईद के मौके पर ईदगाह व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में व्यवस्था पूरी करने के लिए शुक्रिया अदा किया । मौलाना साहब ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि जिस तरह मध्य प्रदेश में अमन चैन बना हुआ है ऐसा ही हमेशा बना रहे। हमारे बुजुर्ग भी हमेशा साथ रहे हैं। हमें भी मिलजुल साथ रहना है। मौलाना साहब ने कहा की ऐसी किसी बात को ध्यान मत दीजिये जिससे नफरत फैले। हम हमेशा से मिलकर रहे है और आगे भी मिलकर रहेंगे। शहजादा ए नायबे मुफ्ती ए आजम हज़रत सूफी जियाउल हक कादरी बुर्हानी ने प्रात: 10.35 बजे ईदुल फ़ित्र की नमाज अदा कराई। लगभग 50 हजार मुस्लिमों ने एक साथ ईदगाह रानीताल में नमाज अदा की। ईदगाह में अल्लाहो अकबर की गूंज पर हज़ारों सिर एक साथ सजदे में झुक गए। नमाजोपरांत ईदुल फ़ित्र का खुत्बा पढ़ा गया। अंत में मौलाना साहब ने अमन शांति व खुशहाली की दुआएँ की। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की। ईदगाह के प्रवेश द्वार पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनो के कार्यकर्ता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने मौलाना साहब व मुस्लिम बंधुओ से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी। 10 बजे मुफ्ती ए आज़म मौलाना सिद्दीकी एवं नायाब मौलाना कादरी साहब तशरीफ लाये। अक़ीदतमंदो ने नाराए तकबीर अल्लाहो अकबर के मौलाना साहब का इस्तक़बाल किया।

**मोमिन ईदगाह जबलपुर-** मोमिन ईदगाह गोहलपुर में प्रात- 8 बजे हजारों की तादाद मे मुसलमानों ने ईदुल फित्र की नमाज अदा की। हाफिज मोहम्मद ताहिर साहब ने ईद की नमाज अदा कराई।

**ईदगाह सदर बाजार-** सदर बाजार ईदगाह में प्रात: ठीक 9 बजे ईदुल फ़ित्र की नमाज अदा की गई। हज़रत मौलाना सैय्यद बरकात अहमद कौसर रब्बानी ने ईद की नमाज अदा कराई। सदर ईदगाह मे सुरक्षा संस्थानों, सेना इकाइयों मे सेवारत मुस्लिम अधिकारियों, कर्मचारियों व मुस्लिम छात्रों ने भी ईद की नमाज अदा की। इस मौके पर मौलाना साहब ने अमन शांति खुशहाली की दुआएँ की। उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा स्थित काजी मुहल्ला मे क्षेत्रीय मुस्लिमों ईदुल फत्रि की नमाज अदा की हाफिज मो. फहीम अशरफ़ी ने ईद की नमाज अदा कराई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय मे सेवारत मुस्लिम कर्मचारियों तथा मुस्लिम विद्यार्थीयों ने भी गढ़ा ईदगाह मे ईदुल फित्रि की नमाज अदा की।

**शिया जामा मस्जिद-** फूटाताल स्थित शिया जामा मस्जिद जाकिर अली मे प्रता - 10 बजे शिया मुस्लिमों ने ईद की नमाज अदा की। मौलाना हैदर मेहदी ने ईदुल फत्रि की नमाज अदा कराई। शिया बहुल क्षेत्र गलगला बेलबाग टोरिया मे दिन भर ईद की चहल पहल रही।

**ईद की मीठी सेवाईया -** मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे दिन भर खुशी और हर्षोल्लास का माहौल छाया रहा। मुस्लिम परिवारों मे ईद की मीठी सेवाईया खाने- खिलाने का दौर चलता रहा। मुस्लिमों ने अपने हिंदू मित्रों को भी दावत दी तथा ईद की मीठी सेवाईया पेश कर दोस्ती और भाईचारे की मिठास बढ़ाई। मासूम बच्चें भी सुबह से नमाज पढ़कर अपने परिवारजनों से ईद की ईदी लेने पहुँचे और फिर ईदी लेकर मुस्लिम मोहल्लों मे लगे झूले व अन्य खाने पीने के आईटमो का लुत्फ उठाया।

# धूमधाम से निकली भगवान परशुराम की शोभा यात्रा

## लोगों ने की फूलों की बारिश, हजारों की संख्या में उमड़ा विप्र समाज

**जबलपुर,यशभारत।** भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर ब्राह्मण एकता मंच की ओर से भव्य शोभायात्रा साधु संतों के मार्गदर्शन में शुक्रवार की शाम रानीताल चौराहे से निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में विप्र बंधु अपने स्वजनों के साथ शामिल हुए। भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा जहां-जहां से भी गुजरी,वहां-वहां पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया.। विभिन्न संगठनों के द्वारा मंच लगाकर शोभा यात्रा की अगुवाई की गई और भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया गया भगवान परशुराम की शोभायात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी. इस मौके पर शोभायात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों, गणमान्य जनों और ब्राह्मण एकता मंच के पदाधिकारियों ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुए सभी को भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव की बधाईयां दी ।भगवान परशुराम की प्रतिकृति के रूप में प्रतिमा भी शामिल की गईं। साथ ही शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक सनातन संस्कृति के प्रतीकात्मक एवं जीवंत समूह भी शामिल हुए। भगवान परशुराम की शोभायात्रा में शहर के साथ जिले की सभी तहसीलों, ब्लाकों, कस्बों से विप्र बंधु अपने परिजनों के साथ इस यात्रा का हिस्सा बने। रानीताल से यात्रा शाम 5.00 बजे के बाद प्रारंभ हुई और गड़ा फाटक, शंकर घी भंडार, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा बाजार होते हुए कोतवाली थाने के सामने संपन्न हुई। इस शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस शोभायात्रा में ब्राह्मण कुल के समस्त संगठन अपने परिवार जनों के साथ शामिल हुए। इस शोभायात्रा में चेतन्यानंद महाराज, पंडित राघवदेवाचार्य,



पंडित वासुदेव शास्त्री, विधायक सुशील तिवारी इंदु , डॉ पवन स्थापक, विधायक तरुण भनोट,लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, सतीश उपाध्याय, सुधीर नायक, श्याम दुबे, अमरीश मिश्रा, सतेन्द्र चौबे, पंकज पांडे, कल्ली तिवारी, शेखर मिश्रा, मुन्ना गौतम, कपिल दुबे, राहुल दुबे, अतुल दुबे,सारंग दुबे शहजाद द्विवेदी, रजनीश पांडे,आलोक अग्निहोत्री, अतुल बाजपेयी, दुर्गेश पांडे शयम नारायण तिवारी, आशुतोष तिवारी, सोनल दुबे,अभिषेक मिश्रा, देवदत्त दुबे,राकेश दुबे,विवेक तिवारी समेत समस्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधिगण एवं समाज सेवी ,व्यवसायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शोभायात्रा के समापन पर आभार पंडित योगेन्द्र दुबे, पंडित राम दुबे, पवन तिवारी ने किया।


















ईद की दिली मुबारकबाद
























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)